श्रीमती मनोरमा देवी, माननीया स० वि० प० से प्राप्त निवेदन सं०–129/2021 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर
गया जिला के अन्तर्गत बाराचट्टी प्रखंड में ग्राम काहुदाग जैगिर मोड़ पर मनमाझोर बांध है। बांध के बगल से जीटी रोड है बांध अर्धनिर्मित है। नहर की गहराई बढ़ाने की आवश्यकता है जिससे बांध को चालू कराने एवं आर–पार के लिए पुल निर्माण की आवश्यकता है। पुल निर्माण से हजारों लोगों की सुविधा मिलेगी। अतः निवेदन के माध्यम से सरकार से एक स्पष्ट वक्तव्य की मांग करता हूं।	वस्तुस्थिति यह है कि :– गया जिलान्तर्गत बाराचट्टी प्रखंड में ग्राम काहूदाग, जैगौर मोड पर मनवाझोर बाँध है। स्थल निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि मनवाँझोर बाँध अर्द्धनिर्मित/क्षतिग्रस्त है तथा उक्त अर्द्धनिर्मित बाँध के दांयी तरफ से एक पईन निःसृत है, जो लगभग 1.40 कि०मी० ग्राम–काहुदाम के समीप जी०टी० रोड को Cross करती है, जो सुरक्षित वन भूमि के अन्तर्गत गौतमबुद्ध वन्य प्राणी आश्रयणी के इको सेंसिटीव जोन क्षेत्र में अवस्थित है। उक्त पईन का तल गोखुला नदी के तल से औसतन 03 फीट ऊँचा है, जो वन्य भूमि अधीन पथरीले भू–भाग होकर गुजरती है। उल्लेखनीय है कि उक्त बाँध के 08 कि०मी० D/S में गोखुला सिंचाई योजना के अन्तर्गत वीयर बाँध निर्मित है, जिससे सिंचाई सुविधा दी जा रही है। वन प्रमण्डल पदाधिकारी, वन प्रमण्डल, गया द्वारा भी उक्त निवेदन के क्रम में प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त स्थल पर नदी में बाँध बनाये जाने से लगभग 20 हेक्टेयर भूमि जलमग्न हो सकती है, जिसका कू–प्रभाव गौतमबुद्ध वन्य प्राणी आश्रयणी पर भी पड़ेगा। अतः उक्त स्थल पर नदी में बाँध निर्माण कराया जाना तकनीकी रूप से संभाव्य नहीं होगा। जहाँ तक उक्त स्थल पर पुल निर्माण का प्रश्न है, इस सबंध में स्पष्ट करना है कि पुल निर्माण का कार्य जल संसाधन विभाग द्वारा नही कराया जाता है। साथ ही उल्लेखित करते हुए कहना है कि निवेदन स्थल के आस–पास जन आबादी भी नहीं है। अतएव उपर्युक्त वर्णित स्थिति के मद्देनजर उक्त स्थल पर बाँध एवं पुल निर्माण करना श्रेयष्कर नहीं होगा।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–05–02 / 2024 पटना / दिनांक ....

प्रतिलिपि :– उप सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना के पत्रांक–1709 (1) दिनांक–08.10.2024 के आलोक में श्रीमती मनोरमा देवी, माननीया स0वि0प0 से प्राप्त निवेदन सं0–129 / 2021 अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–05–02 / 2024 पटना / दिनांक :..........

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–05–02 / 2024 पटना / दिनांक :..........

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–05–02 / 2024 2735 पटना / दिनांक : 21/5/26

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता/आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/5/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव